**10/07**/202**5**

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राज़ील और नामीबिया की अपनी सफल पाँच देशों की यात्रा के बाद नई दिल्ली लौट आए हैं। अपनी यात्रा के अंतिम चरण में, भारत और नामीबिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में नामीबिया में उद्यमिता विकास केंद्र की स्थापना और स्वास्थ्य एवं चिकित्सा के क्षेत्र में सहयोग पर दो समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए। इस यात्रा के दौरान तीन प्रमुख घोषणाएँ भी की गईं: इस वर्ष के अंत में नामीबिया में डिजिटल भुगतान प्रणाली शुरू करना और भारत के नेतृत्व वाली वैश्विक पहलों - आपदा रोधी अवसंरचना गठबंधन और वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन - में नामीबिया का प्रवेश।

0000000000000000000000

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा है कि गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों की ऋण वसूली प्रक्रियाएं निष्पक्ष, सहानुभूतिपूर्ण और सम्मानजनक होनी चाहिए। साथ ही ये रिजर्व बैंक की निष्पक्ष प्रक्रिया संहिता के अनुरूप होनी चाहिए। नई दिल्ली में गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों से जुड़ी संगोष्ठी को संबोधित करते हुए उन्होंने यह बात कही। श्रीमती सीतारामन ने कहा कि वित्तीय समावेशन की आड़ में वित्तीय शोषण नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऋण देने के लिए आक्रमक मार्केटिंग नहीं की जानी चाहिए तथा इसे लोगों पर थोपा नहीं जाना चाहिए। वित्तमंत्री ने  कहा कि ऋण की दरें भी तर्कसंगत होनी चाहिए।

वित्त मंत्री ने कहा कि गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के लिए ये आवश्यक है कि वे प्रशासन, जोखिम प्रबंधन और ग्राहकों की सुरक्षा को अपने मूल सिद्धांतों और नैतिक ढांचे का महत्वूपर्ण हिस्सा बनाए।

0000000000000000000000

नीति आयोग ने आज नई दिल्ली में राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषदों को सुदृढ़ बनाने हेतु एक रोडमैप जारी किया। आयोग के अनुसार, यह रोडमैप पूरे भारत में राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषदों की भूमिका और कार्यप्रणाली को सुदृढ़ बनाने हेतु एक रणनीतिक दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है। यह राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषदों को क्षेत्रीय नवाचार, वैज्ञानिक प्रगति और सतत विकास के सशक्त प्रवर्तक के रूप में परिवर्तित करने हेतु आवश्यक संरचनात्मक कमियों, अवसरों और सुधार प्राथमिकताओं को रेखांकित करता है। यह इन परिषदों की प्रभावशीलता और जवाबदेही को बढ़ाने के लिए संरचनात्मक सुधारों, क्षमता निर्माण प्रयासों और रणनीतिक साझेदारियों के एक व्यापक मिश्रण का आह्वान करता है।

0000000000000000000000

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आज रांची में पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की 27वीं बैठक शुरू हुई। इस बैठक का उद्देश्य देश के पूर्वी हिस्से, जिसमें झारखंड, बिहार, ओडिशा और पश्चिम बंगाल शामिल हैं, के लिए केंद्र द्वारा की गई विकास पहलों पर ध्यान केंद्रित करना है।

ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहनचरण मांझी और उपमुख्यमंत्री पार्वती परिदा, बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और राज्य मंत्री विजय चौधरी बैठक में भाग ले रहे हैं। इससे पहले, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया।

0000000000000000000000

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में विश्वविद्यालय महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। नर्मदा के केवड़िया में केंद्रीय विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के दो दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए, श्री प्रधान ने कहा कि पिछले एक दशक में देश के उच्च शिक्षा ढांचे में आमूल-चूल परिवर्तन आया है। इस दौरान बहुमुखी एवं समग्र शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार एवं चिंतन कौशल विकास, शिक्षण एवं अधिगम में प्रौद्योगिकी के एकीकरण और संस्थागत प्रशासन जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। इस सम्मेलन का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के कार्यान्वयन को और अधिक गतिशील बनाना है।

0000000000000000000000

केंद्र सरकार ने बाढ़ और भूस्खलन से प्रभावित असम, मणिपुर, मेघालय, मिज़ोरम, केरल और उत्तराखंड राज्यों को एक हज़ार 66 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जारी करने को मंज़ूरी दे दी है। ये राज्य दक्षिण-पश्चिम मानसून के दौरान अत्यधिक भारी वर्षा, बाढ़ और भूस्खलन से प्रभावित हुए हैं।

मंत्रालय ने कहा कि सरकार बाढ़, भूस्खलन और बादल फटने से प्रभावित राज्यों को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

0000000000000000000000

विधानसभा अध्यक्ष तेसाम पोंगते ने आज विधायक चौ झिंगनु नामचूम की उपस्थिति में, दोईमुख स्थित बौम काकिर मिशन स्कूल में "लेट्स स्पीक अरुणाचल" कार्यशाला का उद्घाटन किया। सभा को संबोधित करते हुए, अध्यक्ष ने "लेट्स टॉक अरुणाचल" की संस्थापक, पोर्सुम ओरी की पहल की सराहना की और इस तरह के सार्थक कार्यक्रम के आयोजन के लिए स्कूल की सराहना की। उन्होंने छात्रों को आत्मविश्वास बढ़ाने, कौशल निखारने और नागरिक उत्तरदायित्व की गहरी समझ विकसित करने के लिए ऐसे मंचों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यशाला का उद्देश्य नागरिक जागरूकता और युवा नेतृत्व को बढ़ावा देना था।

0000000000000000000000

आदिवासी मामलों के मंत्री, मामा नातुंग ने आज अरुणाचल प्रदेश आदिवासी मामलों की परिषद की तीसरी बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में आदिवासी समुदायों के सामने आने वाले विभिन्न मुद्दों और चुनौतियों पर विचार-विमर्श किया गया। एक सोशल मीडिया पोस्ट में मंत्री ने कहा कि सरकार हमारे आदिवासी लोगों के संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है।

0000000000000000000000

रमगोंग के अतिरिक्त उपायुक्त केपी गोइबा ने आज ईएसी कार्यालय, काइंग में काइंग-तातो सड़क की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में 92 आरसीसी (जीआरईएफ) के सभी स्थलों की प्रगति पर विचार-विमर्श किया गया और यात्रियों की समस्याओं, विशेष रूप से मानसून से संबंधित रुकावटों पर चर्चा की गई।

0000000000000000000000

भारतीय मौसम विभाग ने अगले दो दिनों के लिए मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और विदर्भ में गरज के साथ भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम एजेंसी ने देश के उत्तरी और पूर्वी हिस्सों में भारी से मध्यम बारिश का अनुमान जताया है। पूर्वोत्तर भारत, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिज़ोरम और त्रिपुरा में अगले 6 दिनों तक ऐसा ही मौसम रहने की संभावना है।

0000000000000000000000